रसोई गैस सिलेंडरों की किल्लत और दिनोंदिन बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

# चूल्हे पर चाय बनाई, नाली में पाइप डालकर गैस निकालने का सांकेतिक प्रदर्शन किया







● मंदसौर / राज न्यूज नेटवर्क

शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों की किल्लत, रसोई गैस के बढ़ते दाम और कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति बंद होने के विरोध में सोमवार को शहर ब्लॉक कांग्रेस व ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस मंदसौर के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। वहीं मल्हारगढ, सीतामऊ सहित अन्य तहसीलों में भी कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। सुबह 11 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, महिला कांग्रेस कार्यकर्ता व पार्टी कार्यकर्ता एकत्रित हुए। इसके बाद सभी कांग्रेसजन गांधी चौराहा से घंटाघर तक पैदल मार्च करते हुए केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे। इस दौरान नरेंद्र सरेंडर,गैस की बढ़ी कीमतें वापस लो जैसे नारे लगाए गए।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने सांकेतिक रूप से चूल्हे पर चाय बनाकर आम जनता की परेशानी को दर्शाया। वहीं नाली में पाइप डालकर गैस निकालने का सांकेतिक प्रदर्शन भी किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आम आदमी महंगाई से परेशान है। रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं और



सिलेंडरों की किल्लत से जनता त्रस्त है। विधायक विपिन जैन ने कहा कि वर्तमान हालात में आम परिवार के लिए रसोई चलाना मुश्किल हो गया है। गैस सिलेंडर महंगे होने से गरीब और मध्यम वर्ग की कमर टूट रही है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, महिला कांग्रेस कार्यकर्ता व कांग्रेसजन उपस्थित रहे। संचालन शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने किया, आभार ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशोरा ने माना।

### सीतामऊ और मल्हारगढ में कांगेस का प्रदर्शन

सीतामऊ में एलपीजी गैस की कीमत में बढोत्तरी और किल्लत के विरोध में ब्लॉंक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हनुमंत सिंह राठौर के नेत्रत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लदुना चौराहा पर प्रदर्शन किया। वहीं मल्हारगढ़ ब्लॉंक कांग्रेस ने गैस सिलेंडर को माला पहनाकर बस स्टैंड पर धरना किया और उसके बाद हाइवे पर जाकर विरोध प्रदर्शन कर विरोध जताया। विजेश मालेचा सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## प्रदेशाध्यक्ष कमलेश परमार का नगरागमन पर जोरदार स्वागत

**मंदसौर।** राष्ट्रीय गुजराती बलाई समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बालूसिंह वाणिया के तितरोद आगमन पर समाजजनों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगठन के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कमलेश परमार का भी उनके निज निवास पर सम्मान किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष बालूसिंह वाणिया के साथ राष्ट्रीय कार्यकारिणी के प्रमुख सदस्य तितरोद पहुंचे और नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष परमार को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं। समाजजनों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर उत्साह व्यक्त किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगीलाल राठौर, संगठन मंत्री अनोखीलाल सोलंकी, कोषाध्यक्ष रामचंद्र वाघेला, प्रचार मंत्री हरिराम परमार, सह संगठन मंत्री बगदीराम परमार, नवनियुक्त उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, सचिव बी.एल. सोलंकी, मीडिया प्रभारी प्रेमराज परमार, रतलाम जिला प्रभारी राधेश्याम मकवाना, मंदसौर जिला अध्यक्ष घनश्याम धाणक, उपाध्यक्ष रतनलाल परमार, सचिव मोहनलाल वाघेला, विष्णु परमार, महामंत्री विनोद पारखी, कोषाध्यक्ष जगदीश सोलंकी, मांगीलाल पितावजा, राधेश्याम सोलंकी, सीतामऊ तहसील अध्यक्ष मोहनलाल खरवड़, श्यामलाल चौहान, नवीन पितावजा, फकीरचंद परमार, राजू मकवाना, शिवनारायण सोलंकी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की संभागीय बैठक आयोजित

● मंदसौर / राज न्यूज नेटवर्क

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की उज्जैन संभाग की संभागीय बैठक मंदसौर में आयोजित की गई। बैठक प्रांतीय संगठन मंत्रीहिम्मतसिंह जैन, प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद पुनी तथा संभागीय अध्यक्ष शंकरलाल आंजना के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। संभागीय संगठन मंत्री उदल सिंह परमार, प्रांतीय सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा तथा प्रांतीय सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र लोहार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस न्यूज

### भीषण गर्मी में लोगों को राहत देने जिला अस्पताल में 'जल मंदिर' शुरू




**मंदसौर।** भीषण गर्मी को देखते हुए 'पंछी बचाओ अभियान' द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर के जच्चा-बच्चा वार्ड के बाहर पहले 'जल मंदिर' (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया। इसका उद्देश्य अस्पताल आने वाले मरीजों व उनके परिजनों को ठंडा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। अभियान के संस्थापक राकेश भाटी ने बताया कि गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य है और यह सेवा अभियान आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष अनिल कियावत, संरक्षक विनय दुबेला, नेहा संचेती, ओम कुमावत, कमलेश जैन सहित अभियान के कई सदस्य व अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहे। संस्था ने शहर के अन्य स्थानों पर भी ऐसे 'जल मंदिर' लगाने का संकल्प लिया है।

### एचपीवी वैक्सीन जागरुकता रथ को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी




**मंदसौर।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से एचपीवी वैक्सीन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों को एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूक करेगा।इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि उन्होंने स्वयं भी एचपीवी वैक्सीन लगवाई है और इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव में प्रभावी है। उन्होंने अभिभावकों से अपनी बेटियों को यह टीका लगवाने की अपील की। जिले में 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पीएचई की अनुमति के बाद ही निजी सप्लायर कर सकेंगे पानी की सप्लाई



**मंदसौर।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में संचालित सभी निजी पानी सप्लायर अब पीएचई विभाग की अनुमति के बाद ही पानी की सप्लाई कर सकेंगे। बिना अनुमति पानी सप्लाई करने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की जाएगी। कलेक्टर ने गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्थाएं सुचारू रखने, नई बसाहटों में पानी कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा जल स्रोतों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में गेहूं उपार्जन, स्वच्छता सर्वेक्षण और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## फसल में आग लगने का खतरा, कृषि फीडरों में विद्युत सप्लाई सुबह 10 के पहले और शाम को 6 के बाद ही की जाए

**गरोठ।** हाल ही में क्षेत्र के किसानों की फसले पक कर पूरी तरह से सूख चुकी है और खेतों में फसलें खड़ी है। फसले कटाई का काम चालू है एवं सोशल मीडिया के माध्यम से कई जगह पर आग लगने की घटना देखने को मिल रही है। कई जगह पर विद्युत तार ढीले होकर खेतों में झूल रहे हैं और दिन के समय में तेज हवा चलने पर शॉर्ट सर्किट और तापमान अधिक होने के कारण आग लगने का खतरा अधिक रहता है। समस्त गरोठ क्षेत्र के कृषि फीडर की विद्युत सप्लाई सुबह के 10 बजे के पहले और शाम को 6:00 के बाद ही विद्युत सप्लाई चालू की जाए। सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक विद्युत सप्लाई पूरी तरह से बंद रखी जाए । किसानों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए तुरंत एक माह के लिए कृषि फीडर का शेड्यूल चेंज किया जाए ।



### किसानों ने बिजली कंपनी के मुख्य कार्यपालन यंत्री के नाम दिया ज्ञापन

यदि विद्युत विभाग के द्वारा विद्युत शेड्यूल चेंज नहीं किया और विद्युत तारों की वजह से 11 फसलों को आदि नुकसान होता है तो इसकी समस्त जवाबदेही विद्युत विभाग की रहेगी ।




## मातृशक्ति का समाज में विशेष योगदान: बीके श्यामा बहन

● सीतामऊ / राज न्यूज नेटवर्क

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रभु उपहार भवन में महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ बहन सविता कुवर राठौड़, गुणवंती कोठारी, सुनीता पालीवाल, उमा राठौड़, बीके श्यामा दीदी, बीके कृष्णा दीदी, बीके विद्युलता, बीके हेमलता व बीके प्रीति द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अंत में सभी को होली तिलक व प्रसाद वितरित किया गया। संचालन पूजा बहन ने किया और आभार बीके प्रीति बहन ने माना।

## विक्रम संवत् 2083 के शुभारंभ पर पशुपतिनाथ मंदिर में सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाट्य प्रस्तुति होगी



● मंदसौर / राज न्यूज नेटवर्क

विक्रम संवत् 2083 के शुभारंभ के अवसर पर 19 मार्च को प्रातः 10 बजे मंदसौर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहने की संभावना है। इस अवसर पर मप्र संस्कृति विभाग तथा मप्र नाट्य विद्यालय के सहयोग से सम्राट विक्रमादित्य विषय पर नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया जाएगा। भारतीय संस्कृति, परंपरा और विक्रम संवत् के ऐतिहासिक महत्व को दर्शाया जाएगा। कार्यक्रम में भारत का नववर्ष विक्रम संवत् विषय पर तैयार पुस्तिका नागरिकों को उपलब्ध कराई जाएगी, जिले के प्रमुख मंदिरों एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर ब्रह्मध्वज भी स्थापित किए जाएंगे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि,अधिकारी व बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहेंगे।

## पोरवाल महिला मंडल ने मनाया फागोत्सव

**भानपुरा।** पोरवाल समाज भानपुरा के महिला मंडल द्वारा स्थानीय पोरवाल मांगलिक भवन में हर्षोल्लास के साथ फागोत्सव होली मिलन समारोह मनाया गया। जहां फूलों और गुलाल की होली के साथ फाग गीत व धार्मिक भजनों पर महिला ग्रुप ने शानदार प्रस्तुतियां दी। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद महिला अध्यक्ष सहित नई कार्यकारिणी एवं समिति बनाई गई।

### पद की जिम्मेदारी सौंपी

चुनाव की प्रक्रिया सर्वसम्मति से हुई। इसमें रेखा राजेश काला को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। उपाध्यक्ष सुषमा काला, रेखा रत्नावत सचिव, लक्की गुप्ता कोषाध्यक्ष, ललीता गुप्ता को सहसचिव बनाया गया। पोरवाल महिला बींदणी ग्रुप की पूर्व अध्यक्ष आशा सेठिया के नेतृत्व में यह प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई।

## चैत्र नवरात्रि को लेकर नालछा माता मंदिर में तैयारियां,पंचमी पर विशेष श्रृंगार दर्शन



● मंदसौर / राज न्यूज नेटवर्क

चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 19 मार्च गुरुवार से होगा। नवरात्रि को लेकर शहर के प्रसिद्ध श्री नालछा माता मंदिर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मंदिर समिति के अनुसार नवरात्रि के प्रथम दिन 19 मार्च को प्रातः 7 बजे शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से घटस्थापना की जाएगी। नौ दिनों तक मंदिर में पूजा-अर्चना और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। नवरात्रि के पांचवें दिन 23 मार्च को मां नालछा रानी का विशेष श्रृंगार दर्शन होगा। इस अवसर पर माता रानी का सोने-चांदी के आभूषणों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा। पंचमी के दिन हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं और इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। नवमी पर 27 मार्च को सायंकाल 6 बजे से मंदिर परिसर में विशेष हवन किया जाएगा। दशमी, 28 मार्च को प्रातः 10 बजे कन्या पूजन होगा। शाम 4 बजे बाड़ी (जवारे) विसर्जन होगा। मंदिर समिति द्वारा 5 अप्रैल, रविवार को प्रातः 11 बजे से मंदिर परिसर में विशाल महाप्रसादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

पंजाब नैशनल बैंक
punjab national bank

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा
अरेरा हिल्स, भोपाल,फोन नं. 0755-2550020

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु **ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित ऋणियों एव जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है:-

**ई नीलामी दिनांक : 06.04.2026** (ई-नीलामी का समय : प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)
**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 05.04.2026 रात्रि 11.00 बजे तक**

| ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि | मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|
| निविदाकार अपने प्रस्ताव रु. 25000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे। आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा \| प्राधिकृत अधिकारी : श्री राजेश गुप्ता / श्री बिनीत कुमार \| मो. नं. 9589076580/9557822211 | | |
| **1. श्री योगेन्द्र परिहार मृत्यु पश्चात कानूनी वारिस - श्रीमती सपना परिहार, 2. श्री योगेन्द्र परिहार मृत्यु पश्चात कानूनी वारिस-श्री जयन्त परिहार पुत्र योगेन्द्र परिहार 3. श्री योगेन्द्र परिहार मृत्यु पश्चात कानूनी वारिस - कु. मुस्कान परिहार पुत्री योगेन्द्र परिहार , 4.श्रीमती सपना परिहार** आवासीय प्लाट नं. 66 पर निर्मित डबल स्टोरी बिल्डिंग, मप्र राज्य कर्मचारी आवास निगम कॉलोनी, ग्राम - भुन्याखेड़ी, गाइड्लाइन वार्ड नं. 39, मंदसौर, जिला- मंदसौर (म.प्र.), क्षेत्रफल: 90 वर्ग मीटर, सीमाऐं:- पूर्व- प्लाटनं. 65, पश्चिम- प्लाटनं.एलआईजी-67, उत्तर- कॉलोनी रोड, दक्षिण- प्लाट नं. ईडब्लूएस-22, संपत्ति मालिक : श्री योगेंद्र परिहार पुत्र श्री सत्य प्रकाश परिहार (सांकेतिक आधिपत्य) | (₹) 33,88,000/- / (₹) 3,38,800/- | 01-08-2025 / 13-11-2025 / ₹ 2105753.79 + दिनांक 31.07.2025 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |

**नियम एवं शर्ते :-** 1. विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तों के आधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तो का पालन करना होगा। 2. सम्पत्तियों की बिक्री ''जहां है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। 3. ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्रतिभूत लेनदार को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्रतिभूत लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक लिये जिम्मेदार नहीं होगा। 4. विक्रय अधिकृत ऑनलाईन ई-निलामी सेवा प्रदाता के द्वारा **दिनांक 06/04/2026 को वेबसाइट https://baanknet.com** पर किया जायेगा। इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता PSB Alliance के संबंधित ई-नीलामी वेब पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा। यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तो के लिए https://baanknet.com और www.pnb.bank.in पर देखें।

दिनांक: 16/03/2026, स्थान: भोपाल

सुरक्षित ऋणदाता, पंजाब नैशनल बैंक